सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–83
23/01/2026

मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के क्रम में मुजफ्फरपुर जिले को दी सौगात, 853 करोड़ रुपये की लागत से 172 योजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास एवं कार्यारंभ

- मुख्यमंत्री ने जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

पटना, 23 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में मुजफ्फरपुर जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मुशहरी प्रखंड के चांदनी चौक (एन0एच0–28) से बखरी पथ (एन0एच0–57) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि अब तक 15 प्रतिशत यह कार्य पूर्ण करा लिया गया है। काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। निर्धारित समय के अंदर इसे पूर्ण करा लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त प्रगति यात्रा से संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से कराया जा रहा है, इनमें मुजफ्फरपुर के पूर्वी भाग में रिंग रोड का निर्माण कार्य, एन0एच0– 122 गोबरसही चौक से माड़ीपुर पावर हाउस चौक एवं मुजफ्फरपुर–रामदयालु नगर के बीच रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंच पथ सहित आर0ओ0बी0 का निर्माण एवं मधौल–रामदयालु पथ का चौड़ीकरण कार्य, सबहा चौक से मरीचा तक पथ का निर्माण कार्य, एन0एच0–122 अन्तर्गत चांदनी चौक से रामदयालु नगर तक सड़क के चौड़ीकरण एवं पुनर्विकास का कार्य, सोडा गोदाम से चंदवारा बांध के बीच उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल के पहुंच पथ का निर्माण एवं फेज–02 अन्तर्गत जेल चौक से खुदीराम बोस चिता स्थल (650 मी0) तक तथा फेज–01 के तहत पूर्व निर्मित पहुंच मार्ग के जंक्शन से सिपाहपुर पुराना एन0एच0 (1450 मी0) तक सड़क का निर्माण कार्य, गायघाट प्रखण्ड के भटगामा में मधुरपट्टी घाट पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री सेतु योजनान्तर्गत औराई प्रखंड के घनश्यामपुर पंचायत अन्तर्गत मुसमारा सोती धारा पर पुल का निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री सेतु योजनान्तर्गत औराई प्रखंड के बसुआ गांव में लखनदेई नदी पर आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री सेतु योजनान्तर्गत औराई प्रखंड के सुन्दरखौली गांव में लखनदेई नदी पर पुल का निर्माण कार्य, बन्दरा प्रखंड अंतर्गत बड़गॉव से शंकरपुर तक पथ का निर्माण कार्य तेजी आगे बढ़ रहा है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मुजफ्फरपुर के बैरिया बस स्टैंड का नाम अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल के नाम पर किया जाएगा। लगभग 63 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है। इस बस स्टैंड का नाम अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल के नाम पर करने हेतु विभागीय स्तर से अधिसूचित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी कार्यों को अच्छे ढंग से पूर्ण कराएं तथा निर्धारित समय सीमा के अंदर यह कार्य पूर्ण हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें।

मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर के अहियापुर स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति के प्रांगण का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य (फेज–2) का फीता काटकर उद्घाटन किया। फेज–2 के तहत बाजार समिति प्रांगण अहियापुर में प्रशासनिक भवन, निबंधन कार्यालय, कैंटीन, वर्कर रेस्ट शेड, शौचालय, लोडिंग एवं वेडिंग प्लेटफॉर्म, व्यावसायिक भवन आदि का निर्माण के

अतिरिक्त अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। बाजार समिति प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका द्वारा संपोषित 27628 स्वयं सहायता समूहों को बैंकों द्वारा वित्त प्रदत हेतु 406 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक लाभुकों को प्रदान किया। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि आपके द्वारा महिला सशक्तिकरण के दिशा में किए गए अनेक कार्यों के अलावा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत की गई है। यह हम सभी महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे हम सभी का आत्मसम्मान बढ़ा है। इसके लिए हम सभी आपके प्रति आभार प्रकट करते हैं। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत के क्रम में कहा कि आप सभी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। बिहार के विकास में आप सबका भी महत्वपूर्ण योगदान है। मैं आप सभी महिलाओं को बधाई देता हूं। आप इसी प्रकार आगे बढ़ते रहिए। सरकार हर संभव मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने कृषि उत्पादन बाजार समिति, अहियापुर के प्रांगण में मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत 853 करोड़ रुपये की लागत से 172 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन, शिलान्यास एवं कार्यारंभ किया। इनमें 212 करोड़ रुपये की लागत से 47 योजनाओं का उद्घाटन, 194 करोड़ रुपये की लागत से 89 योजनाओं का शिलान्यास तथा 447 करोड़ रुपये की लागत से 36 योजनाओं का कार्यारंभ शामिल है।

जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, कृषि मंत्री श्री रामकृपाल यादव, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक अभियान, विशेष कार्यबल सह पुलिस महानिदेशक, विशेष शाखा श्री कुंदन कृष्णन, कृषि विभाग के प्रधान सचिव श्री नर्मदेश्वर लाल, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त श्री गिरिवर दयाल सिंह, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री चंदन कुशवाहा, जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कांतेश कुमार मिश्र सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******